झंझारपुर के कोठिया नारायणपुर में विद्युत उपकेन्द्र हेतु भूमि हस्तान्तरित : प्रकाशनार्थ

पटना, 06 नवम्बर।

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमण्डल के कोठिया नारायणपुर में 33/11 के.वी.ए. विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु 52 बावन डिसमिल भूमि का हस्तान्तरण नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीव्यूशन लिमिटेड, पटना को किया गया है ।

उल्लेख्य है कि, कोठिया नारायणपुर में विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु ग्रामीण विकास मंत्री श्री नीतीश मिश्रा द्वारा विभागीय मंत्री एवं सम्बन्धित अधिकारियों से लगातार आग्रह किया जा रहा था। विभागीय निदेश के पश्चात समार्हता मधुबनी द्वारा इस हस्तान्तरण का प्रस्ताव समर्पित किया गया था, जिस पर आयुक्त दरभंगा प्रमण्डल की सहमति प्राप्त हुई थी । उक्त भूमि पोखर का भिण्डा किस्म का था । ऊर्जा विभाग बिहार की सहमति भी भूमि हस्तान्तरण पर प्राप्त ली गई थी ।

ग्रामीण विकास मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि, विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि हस्तान्तरण से इस संबंध में सभी प्रक्रियाएं पूरी हो गई है । उपकेन्द्र चालू होने के पश्चात बहुत बड़ी आबादी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सम्भव हो सकेगा ।

6/11/'14